# बजरी माफिया ने बाइक सवार को मारी टक्कर, हालत गंभीर

## हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक बजरी भरा ट्रेक्टर लेकर मौके से फरार हो गया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** ज़िले के बडलियास थाना इलाक़े में बजरी माफ़ियाओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। अवैध बजरी से भरे ट्रेक्टर ने भाकलिया गांव के पास जित्या मांफी सड़क मार्ग पर मजदूरी करने फैक्ट्री जा रहे एक बाइक सवार युवक को सामने से टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे को अंजाम देने के बाद ट्रैक्टर चालक बजरी भरा ट्रेक्टर लेकर मौक़े से फ़रार हो गया।

थाना प्रभारी शिवचरण ने बताया कि भाकलिया गांव में जित्या मांफी सड़क मार्ग पर एक ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें भाकलिया निवासी छोटू पिता घीसा तेली गंभीर घायल हो गया, जिसको निजी वाहन की मदद से मुख्यालय स्थित एमजी चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है। घायल युवक फैक्ट्री में मजदूरी करने के लिए बाइक पर सवार होकर जा रहा था, इसी दौरान ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक के क्षतिग्रस्त हुए पैर की हड्डियों को मौके पर ग्रामीणों ने एकत्रित किया। ग्रामीणों ने बताया कि बजरी माफिया दिन भर बनास नदी से अवैध बजरी दोहन करते हैं। वह गांव में से होकर तेज गति से वाहनों को निकालते हैं,



घायल युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया।

- **हादसे में घायल युवक को हालत गंभीर होने के चलते अहमदाबाद रेफर किया**

जब बजरी माफिया को रोकने की बात करते हैं तो वह दबंगई दिखाते हुए गांव से ट्रैक्टर को तेज गति से निकाल ले जाते हैं।

इस पर ग्रामीणों में आज भारी आक्रोश देखने को मिला। वहीं ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर गांव से निकलने वाले ट्रैक्टरों पर कोई कार्रवाई नहीं की, तो ग्रामीण अपने स्तर पर ही कार्रवाई करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। वहीं हादसे में घायल युवक को हालत गंभीर होने के चलते अहमदाबाद रेफर किया गया है।

# कार डेकोर शॉप से पिस्टल और देशी कट्टा जब्त, एक गिरफ्तार

## डीडवाना थानाधिकारी राजेश डूडी कर रहे है मामले की जांच



मौलासर थाना पुलिस ने कार डेकोर शॉप से अवैध हथियार सहित एक जने को गिरफ्तार किया।

**डीडवाना, (निसं)।** नागौर पुलिस अधिक्षक राममूर्ति जोशी के निर्देश पर जिलेभर में अवैध हथियारों के खिलाफ कार्यवाही जारी है। इसी के तहत रविवार को डीडवाना सर्किल के मौलासर थाना पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर बीती रात मौलासर थाना पुलिस की टीम ने थानाधिकारी जसवंत देव रलिया के साथ मौलासर कस्बे के एक कार डेकोर शॉप से एक पिस्टल और एक देशी कट्टा जब्त करने के साथ साथ आरोपी नरेंद्रसिंह के कब्जे से 8 जिंदा कारतूस भी बरामद किए है। यह कारतूस 12 बोर बंदूक सहित अलग अलग हथियारों के बताए जा रहे है। पुलिस ने अवैध हथियार रखने के आरोपी कार डेकोर शॉप के नरेंद्र सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

- **अवैध हथियारों के खिलाफ मौलासर पुलिस की कार्यवाही**

मामले की जांच डीडवाना थाने के सीआई राजेश डूडी को सौंपी गई है। सीआई राजेश डूडी आरोपी नरेंद्र सिंह से हथियारों को लेकर पूछताछ कर रहे है। जानकारी यह जुटाई जा रही है कि आरोपी हथियार कितने समय से रख रहा है और उसने मौलासर सहित कितनी जगह हथियार बेचे हैं। पुलिस हथियारों की सप्लाई करने वाले गिरोह की भी जानकारी जुटा रही है।

# ज्वैलर्स से पत्र के जरिए तीन करोड़ रु. की फिरौती मांगी

**बीकानेर, (कासं)।** एक ज्वैलर्स से तीन करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई है। फिरौती मांगने वाले ने इस बार किसी तरह का फोन नहीं किया बल्कि एक पत्र घर पर पहुंचा दिया है। अब गंगाशहर पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार गंगाशहर में रहने वाले जयकिशन सोनी के घर कोई अज्ञात व्यक्ति एक पत्र फैंक गया। इस पत्र में जयकिशन को धमकी दी गई कि वो तीन करोड़ रूपए की फिरौती दे अन्यथा उसके साथ कुछ बुरा होगा। इस धमकी भरे पत्र के बारे में गंगाशहर पुलिस को सूचना दी गई है। इसके बाद से गंगाशहर पुलिस में हड़कम्प मचा हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए हैं।

अब तक पुलिस को कोई ठोस आधार नहीं मिला है। ये किसी की बचकानी हरकत है या फिर किसी गैंग ने सोनी को धमकाया है। इस बारे में पुलिस ने स्थिति स्पष्ट नहीं की है। हालांकि अब तक की सूचना में किसी बड़े गैंग या गैंगस्टर का नाम सामने नहीं आया है। मामले की जांच कर रहे गंगाशहर थाने के उप निरीक्षक सुरेश भादू ने बताया कि सोनी को धमकी भरा पत्र दिया गया है। ये पत्र पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। फिलहाल पुलिस पता लगा रही है कि पत्र डालने के लिए कौन आया था। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए सीओ सदर शालिनी बजाज से भी संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

# पिकअप पलटी, चालक बचा

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** किसान चौक से नेतवाला मार्ग की तरफ सड़क चौड़ीकरण के नाम पर खोदी खाई से अब दुर्घटनाएं होने लगी है। श्रीगंगानगर से सूरतगढ़ की तरह जा रही एक पिकअप किसान चौक से थोड़ा आगे खाई में पलट गई।

बताया जा रहा है कि पिकअप में डीजे का सामान लदा था। रात के समय सामने से आ रहे वाहन वाहन को साइड देने के प्रयास में पिकअप खाई में चली गई, जहां पलट गई। गनीमत रही कि पिकअप चालक को चोट नहीं आई। लेकिन डीजे के सामान को नुकसान हुआ है। दोपहर तक पिकअप खाई में ही पलटी रही। बताया जा रहा है कि यहां सड़क को दोनों तरफ से खोदकर छोड़ा हुआ है। रात के समय वाहन चालकों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# सड़क हादसे में एक की मौत, दामाद और ससुर घायल

**अनूपगढ़, (निसं)।** विधानसभा की घडसाना मंडी में नेशनल हाईवे नंबर 911 पर गांव 4 एमएलडी(ए) खेतेवाली पुली के पास रविवार को ओवरटेक करते समय मोटरसाइकिल सामने चल रही बाइक से टकरा गई। इस हादसे में हरदीप सिंह निवासी गांव 6 डीडी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एंबुलेंस की सहायता से घायलों को घड़साना के राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया। सूचना मिलने पर घडसाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और मृतक के शव को राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। जबकि चिकित्सकों ने दो अन्य घायलों में से एक घायल नाहर सिंह को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। दोनों घायल आपस में ससुर और दामाद बताए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार हरदीप सिंह अपनी मोटरसाइकिल पर घड़साना से रोजड़ी की ओर जा रहा था। जब वह गांव 4 एमएलडी (ए)खेतेवाली पुली के पास पहुंचा, तो पीछे से बाइक पर नाहर सिंह अपने दामाद करमजीत सिंह आ रहे थे। इस दौरान करमजीत सिंह ने हरदीप सिंह की बाइक को ओवरटेक कर दिया और हरदीप सिंह की बाइक के बिल्कुल आगे आ गया।

अचानक से बाइक आगे आने से हरदीप सिंह की बाइक अनियंत्रित होकर करमजीत की बाइक से टकरा गई। दोनों मोटरसाइकिल की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हरदीप सिंह की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरी बाइक पर सवार दामाद तथा ससुर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# 15 क्विंटल जीरा व सरसों चोरी

**नोखा, (निसं)।** खेत में अनाधिकृत प्रवेश कर जीरा व सरसों चोरी करके ले जाने का आरोप लगाते हुए रोड़ा के जगराम निवासी जगमाल बिश्नोई ने नोखा थाने में मामला दर्ज करवाया है। जगमाल बिश्नोई ने बताया कि उसका रोड़ा के जगरामपुरा की रोही में खेत स्थित है। उक्त भूमि में सिंचित फसल जीरा व सरसों की बुवाई की हुई थी।

13 अप्रेल को दिन में जीरा व सरसों का लाटा निकाला। जिसमें 28 कट्टे जीरा जिसका वजन करीब 15 क्विंटल एवं 17 कट्टे सरसों जिसका वजन करीब 10 क्विंटल खेत में रखी हुई थी। शाम को करीब 5 बजे वो घरेलू कार्य के लिए बीकानेर चला गया।

# हेरोइन मामला: छह गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले के रायसिंहनगर इलाके के गांव 29 आरबी में पिछले साल अक्टूबर में हेरोइन तस्करी के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने पहले एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ की गई तो छह और आरोपियों के इसमें शामिल होने की बात सामने आई। इस पर पुलिस ने सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

रायसिंहनगर इलाके के गांव 29 आरबी में पाकिस्तान की ओर से तस्करों ने ड्रोन के जरिए दो किलो हेरोइन गिराई थी। इस मामले में उस समय एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया था। गिरफ्तार तस्कर गांव 25 आरबी निवासी बक्शीश सिंह (39) पुत्र शरमेलसिंह से पूछताछ में इस मामले में छह और लोगों का शामिल होना सामने आया। बक्शीश सिंह से मिली जानकारी के आधार पर पंजाब के लुधियाना जिले की जगरावां तहसील के सिद्धवाबेट थाना क्षेत्र के गांव खुरसैदपुर निवासी बचित्तरसिंह, अमृतसर के कंबोह थाना क्षेत्र के लुहारका कलां निवासी जसपाल सिंह उर्फ गग्गू, अमृतसर जिले के लोपोके थाना क्षेत्र के अजनाला तहसील के बोपाराय बाजसिंह निवासी सतनामसिंह उर्फ सत्ता उर्फ नव, रायसिंहनगर थाना क्षेत्र के गांव 85 आरबी निवासी सुखमंदर सिंह उर्फ नवी उर्फ बब्बू, जसपाल सिंह उर्फ राजू, कुलदीप सिंह उर्फ कीपा को गिरफ्तार किया।

# नहरों में फिर आया गंदा पानी

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** पंद्रह दिन की नहरबंदी के बाद इलाकों की नहरों में पानी आना शुरू हो गया। पूरे गंगनहर एरिया में आये इस पानी का रंग काला और मटमैला होने से लोगों में रोष है।

किसानों का कहना है कि यह पानी सिंचाई के लिए तो उपयोग हो सकता है लेकिन अगले कुछ दिन तक इन्हें पीने के लिए उपयोग में नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पानी के स्टोरेज से तो लोगों में रोग पनपेंगे। किसानों का कहना है कि इस पानी में केमिकल अशुद्धता है जो कि रोगों का कारण बन सकती है। उन्होंने सभी से अलर्ट रहते हुए इस पानी का पीने के लिए स्टोरेज नहीं होने देने की बात कही। साधुवाली इलाके के किसान और श्रीगंगानगर फल सब्जी उत्पादक संघ के जिलाध्यक्ष अमर सिंह का कहना है कि इस पानी का स्टोरेज होने देना नुकसान दायक है। अगर इसे पीने में उपयोग किया गया तो यह हर आदमी के लिए नुकसान दायक होगा। किसान नेता रणजीत सिंह राजू बताते हैं कि उनके इलाके में भी नहर में काफी गंदा पानी पहुंचा है। पहले भी पंजाब व राजस्थान की सरकारों तक गंदे पानी की सप्लाई की बात पहुंचाई है लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# सड़क बनाने के विरोध में टंकी पर चढ़ा युवक

**अनूपगढ़, (कासं)।** घड़साना मंडी के गांव 3 डीडी में एक युवक वाटर वर्क्स की पानी की टंकी पर चढ़ गया। युवक पीडब्लयूडी द्वारा गांव में बनाई जा रही सड़क का विरोध कर रहा था। इस दौरान युवक ने सड़क निर्माण बंद करने की मांग की। समझाइश के बाद युवक सुबह 11.30 बजे टंकी से उतरा।

जानकारी के अनुसार गांव 3 डीडी में पीडब्लयूडी के द्वारा एक डामर सड़क का पुनर्निर्माण करवाया जा रहा है। इस सड़क के पुनर्निर्माण का 3 डीडी निवासी प्रभुराम विरोध करते हुए आज सुबह 6.30 बजे घड़साना की वाटर वर्क्स में बनी पानी की टंकी पर चढ़ गया। प्रभुराम सड़क के काम को बंद करने की मांग करने लगा। प्रभुराम ने बताया कि पीडब्लयूडी के द्वारा सड़क का निर्माण उसकी जमीन में किया जा रहा है। उसकी मांग है कि सड़क को पीडब्लयूडी किसी अन्य स्थान पर बनाए। टंकी पर चढ़े प्रभुराम ने बताया कि पीडब्लयूडी के द्वारा पहले भी उसकी जमीन पर सड़क बना दी थी। अब इसका पुनर्निर्माण करवाया जा रहा है। प्रभुराम ने पहले भी सड़क का पुनर्निर्माण नहीं करने के लिए प्रशासन को अवगत करवाया था। मगर प्रशासन के द्वारा सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है।

प्रभुराम के टंकी पर चढ़ते ही थानाधिकारी जितेन्द्र स्वामी, नायब तहसीलदार सुरेन्द्र पाल बिश्नोई, पटवारी ओमप्रकाश समेत अन्य लोग मौके पर पहुंचे और 5 घंटे की मशक्कत के बाद प्रभुराम से समझाइश कर टंकी से उतारा। नायब तहसीलदार ने प्रभुराम को आश्वासन दिया है कि खेतों में खड़ी फसल के पकने के बाद गांव 3 डीडी गांव की पैमाइश कर मामले की जांच की जाएगी। जांच के बाद ही उचित निर्णय किया जाएगा। मौके पर पहुंचे पटवारी ओमप्रकाश ने बताया कि यह सड़क लगभग 40 वर्षों से बनी हुई है। सड़क टूट जाने के कारण अब इसका पुनर्निर्माण करवाया जा रहा है। पटवारी ने बताया कि प्रभु राम के द्वारा जमीन के कुछ कागज भी पेश किए गए हैं। इसलिए मामले की जांच कर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट पेश की जाएगी।

# सी.पी. जोशी आज जोधपुर आएंगे

**जोधपुर, (कासं)।** भाजपा के नए प्रदेशाध्यक्ष पहली बार सोमवार को जोधपुर आएंगे। वे यहां भाजपा द्वारा आयोजित महाघेराव कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। कई भाजपा कार्यकर्ताओं सहित जन प्रतिनिधि इसमें हिस्सा लेंगे। इसके लिए पिछले 3 दिन से केसरिया साफा को बांधने का काम चल रहा है।

यह किसी दुकान की शुरुआत के लिए नहीं बल्कि दावा किया जा रहा है कि 1000 केसरिया साफा पहनकर डेढ़ किलोमीटर लंबी कतार में भाजपा कार्यकर्ता प्रदेशाध्यक्ष का अनूठे अंदाज में स्वागत करेंगे। गौरतलब है कि 17 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी की ओर से महा घेराव का ऐलान किया गया है और इसी में शामिल होने सीपी जोशी प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार जोधपुर आ रहे हैं। वाहन रैली से लेकर केसरिया ब्रिगेड तक सड़क पर खड़ी की जाएगी। इससे पहले नेताओं ने उनके स्वागत के लिए शहर को होर्डिंग और बैनर से भर दिया है।

पावटा स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में भाजपा की जनसभा होगी। जिसे प्रदेश अध्यक्ष जोशी, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत समेत अन्य बड़े नेता संबोधित करेंगे।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत


## पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रक को जप्त किया

**मांडलगढ़, (निसं)।** मांडलगढ़-भीलवाड़ा नेशनल हाइवे सड़क मार्ग पर स्थित त्रिवेणी संगम की नई पुलिया पर रविवार को प्रातः हादसा हो गया। हादसे में ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर बीगोद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सुपुर्द किया।

बीगोद थाना पुलिस के सहायक उप निरीक्षक सुरेश कुमार साहू ने बताया कि रविवार सुबह करीब 9 बजे त्रिवेणी की पुलिया पर मांडलगढ़ की ओर से आ रहे ट्रक ने बीगोद की ओर से त्रिवेणी जा रहे बाइक सवार मंडी गुसाईं निवासी गोविंदपुरी को टक्कर मार दी। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और बाइक सवार गोविंदपुरी को मांडलगढ़ के राजकीय अस्पताल ले जाया गया।जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मौक़े पर मौजूद लोगों के अनुसार मुकुद पुरिया पंचायत क्षेत्र के त्रिवेणी मंडी निवासी गोविंदपुरी पिता धनपुरी रविवार प्रातकाल बिगोद की तरफ से बाइक लेकर आ रहा था। तेज रफ्तार ट्रक ने गोविंदपुरी को चपेट में ले लिया। सिर में गम्भीर चोट आने से उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

सूचना पर मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, समाजसेवी मनोज सनाढ्य सहित मृतक के कई परिचित लोग मांडलगढ़ अस्पताल पहुँचे। परिजनों को सांत्वना दी। बीगोद थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव का पोस्टमार्टम करवाया और परिजनों को सुपुर्द किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रक को जप्त किया और ट्रक चालक टोंक निवासी अनीस पठान को गिरफ़्तार किया।




मांडलगढ़ मोर्चरी पर हादसे में शिकार मृतक के शव को परिजन ले गए।

# बॉक्सर रामू जाट ने 2899 पुशअप दण्ड बिना रुके लगाकर भारत के अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़े

**भरतपुर, (निस)।** बॉक्सर रामू जाट ने 14 से 16 अप्रैल तक पुणे महाराष्ट्र में आयोजित हुई राष्ट्रीय स्तर की पुशअप चैलेंज प्रतियोगिता में भारत में सबसे अधिक पुशअप करने का रिकॉर्ड बनाया।

बॉक्सर ने 2899 पुशअप बिना रुके लगाकर इतिहास रच दिया। बॉक्सर रामू ने भारत में अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में राज्य स्तर एवं देश स्तर के चुने हुए 1700 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें कुछ खिलाड़ी नेपाल एवं भूटान देश के भी शामिल थे। बॉक्सर रामू जाट ने सभी 1700 खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए सबसे कम समय में सबसे ज्यादा पुशअप दंड लगाकर भारत में प्रथम स्थान का रिकॉर्ड बना लिया है।

बॉक्सर को जीत पर एक लाख रुपए, गोल्ड मेडल, सर्टिफिकेट, ट्रॉफी दिए गए हैं। वहीं अब बॉक्सर रामू अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली चैलेंज प्रतियोगिता में खेलेंगे जो कि अमेरिका में होना संभावित है। साथ ही उनके पिता चौधरी बाबूलाल राना का भी मंच पर स्वागत किया गया। बॉक्सर रामू जाट एक गांव किसान परिवार से आते हैं, उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय भाई कोरोना वॉरियर्स ऋषि जाट को दिया।

उन्होंने कहा वहीं मेरे गुरु कोच मार्गदर्शक हैं। वही स्टेडियम में उपस्थित आदर्श सोमानी एवं मेजर डॉ सुरेंद्र पूनिया ने बॉक्सर रामू जाट को खुश होकर अपनी तरफ से 20 हजार रुपए इनाम स्वरूप दिए। बॉक्सर के रिकॉर्ड बनाने पर वहां स्टेडियम में उपस्थित सभी खिलाड़ी एवं अन्य खेल अधिकारी रामू की शानदार परफॉर्मेंस से चकित रह गए। स्टेडियम रामू के लिए तालियों से गूंज उठा। इस रिकॉर्ड पर बॉक्सर रामू को राजस्थान कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह, फतेहपुर सीकरी विधायक चौधरी बाबूलाल आदि ने बधाई दी और बॉक्सर रामू के गांव में खुशी का माहौल छाया हुआ है।




बॉक्सर रामू जाट ने पूणे महाराष्ट्र में आयोजित पुशअप चैलेंज प्रतियोगिता में रिकॉर्ड बनाया।

# खड़े टेम्पो के पार्ट्स चुरा ले गए चोर

**अनूपगढ़, (कासं)।** दिनों दिन चोरी की वारदातें बढ़ रही हैं। अनूपगढ़ के वार्ड नंबर 14 में दो चोर गली में खड़े टेम्पो के पार्ट्स चुराकर ले गए। वारदात के बाद चोर पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गए हैं। वहीं सूचना मिलने पर वार्ड पार्षद सन्नी धायल और कुछ वार्ड वासी मौके पर पहुंचे। पार्षद ने बताया कि टेम्पो चालक साबिर खान किराये के मकान पर रहता है और टेम्पो चलाकर ही अपने परिवार का भरण पोषण करता है। साबिर खान ने बताया कि रविवार रात्रि वह टेम्पो लेकर काम से लौटा था और टेम्पो उसने घर के बाहर गली में खड़ा कर दिया था। आज सुबह जब वह टेम्पो लेकर काम पर जाने लगा तो वह स्टार्ट नहीं हुआ। जब टेम्पो को चैक किया तो टेम्पो का एक्सेल और टूल गायब मिले। साबिर खान ने इसकी सूचना पार्षद सन्नी धायल को दी। सूचना मिलने पर पार्षद सन्नी तथा कुछ लोग भी मौके पर पहुंचे। पार्षद ने बताया कि साबिर खान यहां रुपाराम लिम्बा के मकान में किराये पर रहता है और टेम्पो चलाकर ही अपने परिवार का पालन पोषण करता है। चोरी की घटना से चालक को काफी नुकसान हुआ है।

# पार्टी ने मौका दिया तो एक बार फिर नोखा से चुनाव लड़ूंगा: डूडी

## पूर्व विधायक रामेश्वर डूडी ने अन्य विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की आशंकाओं को गलत साबित कर दिया

**नोखा, (निसं)।** पूर्व विधायक और बीकानेर से सांसद रह चुके जाट नेता रामेश्वर डूडी ने साफ किया है कि वो नोखा विधानसभा से एक बार फिर चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर चुके हैं। इसी के साथ डूडी ने किसी अन्य विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की आशंकाओं को गलत साबित कर दिया है।

अब तक ये माना जा रहा था कि रामेश्वर डूडी नोखा के बजाय लूणकरनसर या फिर श्रीडूंगरगढ़ से विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। इन दोनों क्षेत्रों में डूडी की सक्रियता के चलते भी ये कयास लगाया जा रहा था। अब डूडी ने कहा है कि अगर पार्टी अवसर देगी तो वो नोखा से ही चुनाव लड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पिछला चुनाव बहुत कम वोट से हारे थे। अब जनता पछता रही है। ऐसे में एक बार फिर नोखा की जनता के कहने पर वो चुनाव मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं। बीकानेर में 26 अप्रैल को किसान सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। जिसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी हिस्सा लेंगे। इसी सम्मेलन में रामेश्वर डूडी भी उपस्थित रहेंगे। डूडी ने कहा कि सम्मेलन में एक लाख लोगों की भीड़ जुटाई जायेगी। सम्मेलन में दो दर्जन से ज्यादा मंत्री हिस्सा लेंगे। इस सम्मेलन के माध्यम से ही डूडी अपना शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं ताकि प्रदेश कांग्रेस और कांग्रेस सरकार को वो अपनी ताकत दिखा सकें। दरअसल पिछले विधानसभा में डूडी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे। इस दौरान पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी तक से उनके सीधे संबंध बन गए। हाल ही में आयोजित पार्टी के राष्ट्रीय कार्यक्रम में भी राजस्थान से सिर्फ डूडी को ही बोलने का अवसर दिया गया। बताया जाता है कि ये भी राहुल गांधी के इशारे पर हुआ। बीकानेर में कांग्रेस नेताओं में डूडी अग्रिम पंक्ति के नेता है।

यहां से केबिनेट मंत्री और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बुलाकीदास कल्ला के साथ रामेश्वर डूडी ने ही बड़ी जिम्मेदारी संभाली। पिछले चुनाव में भाजपा के बिहारी लाल बिश्नोई से हारने के बाद उन्हें राजनीतिक नुकसान हुआ लेकिन अब वो नई पारी शुरू करने के मूड में है। किसान सम्मेलन को इसी सोच का परिणाम बताया जा रहा है।